>

Title: Regarding provision of pure drinking water in Jharkhand.

श्रीमती अन्नपुर्णा देवी (कोडरमा): महोदय, मैं झारखंड राज्य से आती हूं और झारखंड राज्य के कोडरमा, हजारीबाग, गिरीडिह जिला सहित सम्पूर्ण झारखंड के सभी जिलों में पेयजल के गंभीर संकट की तरफ सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहती हूं । झारखंड राज्य के लगभग सभी जिलों में भूजल स्तर में काफी गिरावट आई है । हैंड पम्प तथा परम्परागत कुएं से भी पानी नहीं मिल पा रहा है, जिसके कारण आम लोगों के समक्ष पीने योग्य पानी की किल्लत उत्पन्न हो गई है । राज्य सरकार अपने संसाधनों से पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का भरपूर प्रयास कर रही है, फिर भी पेयजल के विकराल संकट के सामने संसाधनों को और ज्यादा बढ़ाने की आवश्यकता है । साथ ही कई जिलों में पानी में आर्सेनिक की मात्रा बहुत ही ज्यादा है, जिससे आम लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और लोग गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं ।

अत: मैं सदन के माध्यम से जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार से मांग करती हूं कि झारखंड राज्य में भूजल स्तर में आई गिरावट के चलते उत्पन्न पेयजल संकट से उभरने में राज्य सरकार को विशेष सहायता प्रदान कर राज्य के नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु उपचारात्मक कदम उठाने का काम करे ।

माननीय अध्यक्ष : श्री पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल और श्री निशिकांत दुबे को श्रीमती अन्नपूर्णा देवी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।